हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव एवं चिंता पर विजय पाने के गुर सिखाए।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें अपने स्वास्थ्य और खान पान का ध्यान रखने को कहा। श्री मोदी ने मोटे अनाज और सब्ज़ियों के महत्व के बारे में भी बताया।उन्होंने विद्यार्थियों को सुबह उगते सूर्य के साथ समय बिताने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि वे परीक्षा का दवाब महसूस न करें और शांति से चुनौती का सामना करें।

कुरुक्षेत्र से छात्रा अंजलि ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखने के बाद कहा:-

जींद से एक स्कूली छात्रा आकृति ने भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह कल फरीदाबाद के सूरजकुंड में चल रहे 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा सरकार की ओर से बतौर मेजबान राजहंस पर्यटन केंद्र में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। भोज में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, बी.जे.पी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा व अन्य कई मंत्री व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस दोपहर भोज कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में घाना, मध्यप्रदेश, रशिया, इथोपिया, असम और कजाकिस्तान के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी।भोज के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर मोहर लगाते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इससे अब दिल्ली के विकास का रास्ता खुल गया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा लोगों को बरगलाने का काम किया है।एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत तरीके से युवाओं को विदेशों में भेजने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जिनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी।

****

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महाग्राम योजना के लिये प्रदेश के 144 गांव चिन्हित किये गए हैं। इन गांवों को शहरों की तर्ज पर पेयजल और सीवरेज की सुविधा दी जाएगी।श्री गंगवा कल हिसार जिला के गांव आर्य नगर में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि हर घर में नल, और उसमें स्वच्छ जल के उनके नारे को साकार करने में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।उन्होंने बताया कि गांव आर्य नगर के लिए 60 करोड़ की पानी व सीवरेज से संबंधी परियोजना का अनुमान भेजा जा चुका है। और इस गांव को महाग्राम योजना में शामिल करने बारे कार्रवाई जारी है।

****

भारत ने इस वित्त वर्ष में पहली बार आईफोन के निर्यात में एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है।एक अंग्रेजी समाचार पत्र में छपे लेख को साझा करते हुए यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका श्रेय सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दिया। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष तक स्मार्टफोन निर्यात के दो लाख, 25 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है।